उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले में उप डाकघरों में सार्वजनिक टेलीफोन

4164. **श्री राजकेशर सिंह** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले में कितने उप डाकघरों में अभी तक सार्वजनिक टेलीफोन की व्यवस्था नहीं की गई है; और

(ख) क्या सरकार का विचार वर्ष 1977-78 में यह सुविधा देने का है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरसिंह प्रसाद सुखदेव साय) : (क) तेरह ।

(ख) वर्ष 1977-78 के दौरान 3 उप-डाकघरों में सार्वजनिक टेलीफोन घर खोलने का प्रस्ताव है ।

गाजियाबाद में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना का प्रारम्भ किया जाना

4165. **श्री राजकेशर सिंह** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गाजियाबाद में केन्द्रीय सरकार के बहुत से कर्मचारी रहते हैं जो अपनी ड्यूटी के लिए प्रति दिन दिल्ली आते हैं;

(ख) क्या वहां रहने वाले कर्मचारियों को अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं होने के कारण बहुत कठिनाई होती है; और

(ग) क्या सरकार का विचार इन कर्मचारियों के लिए इस नगर में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा योजना आरम्भ करने का है ।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) :

(क) जी, हां ।

(ख) और (ग) गाजियाबाद में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना लागू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है । गाजियाबाद में रह रहे केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की संख्या उस शहर में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना लागू करने के लिए पर्याप्त नहीं है । फिर भी चिकित्सा सम्बन्धी सुविधाओं के लिए गाजियाबाद में रह रहे केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों पर केन्द्रीय सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 1944 लागू होते हैं ।

राजस्थान में रॉक फास्फेट निकालने के लिये अनुदान

4166. **श्री भानु कुमार शास्त्री** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि केन्द्रीय सरकार का विचार एक पिछड़े राज्य, राजस्थान को अनुदान देने का है, ताकि वह झामरकोटड़ा और उदयपुर में नई तकनीकों से राक फास्फेट निकाल सके और उसे तैयार कर सके ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री करिया मुण्डा) : जी नहीं ।

---

12 hrs.

PAPER LAID ON THE TABLE

STATEMENT RE. CONVENTION AND RECOMMENDATION ADOPTED AT SIXTY-FIRST SESSION OF INTERNATIONAL LABOUR CONFERENCE

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): I beg to lay on the Table a statement (Hindi and English versions) on the action taken or proposed to be taken on the Convention and Recommendation adopted at the Sixty-first Session of the International Labour Conference held at Geneva in June, 1976. *(Placed in Library See* No. LT-1364/77)